Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- १४ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३१ जुलाई २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)



## युवाओं में नए कौशल हासिल करने की व्यापक क्षमता- प्रधानमंत्री

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। विश्व युवा कौशल दिवस और 'कौशल भारत' मिशन की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयोजित डिजिटल स्किल कॉन्क्लेव के लिए अपने संदेश में युवाओं से कौशल प्राप्त करने, नया कौशल सीखने और कौशल बढ़ाने का आह्वान किया, ताकि तेजी से बदलते कारोबारी माहौल और बाजार स्थितियों में निरंतर प्रासंगिक बने रहना संभव हो सके। प्रधानमंत्री ने दिनांक १५.०७.२०२० को इस अवसर पर देश के युवाओं को बधाई दी और कहा कि यह दुनिया सही मायनों में युवाओं की है क्यों कि उनमें सदैव नए कौशल हासिल करने की व्यायपक क्षमता होती है। उन्होने ने अपने संबोधन में 'ज्ञान' और 'कौशल' के बीच के अंतर को भी सामने रखा। हर साल १५ जुलाई को मनाए जाने वाला 'विश्व युवा कौशल दिवस' इस वर्ष वर्चुअल मोड में मनाया गया। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री आर.के. सिंह, और लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के ग्रुप चेयरमैन ए.एम.नाइक ने भी इस सम्मेलन को संबोधित किया। लाखों की संख्यास में प्रशिक्षुओं के व्यापक नेटवर्क सहित प्रणाली के सभी हितधारकों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

## सरकार उद्योगों को उपयुक्त माहौल देने की दिशा में कर रही है कार्य : पीयूष गोयल



रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उनका मंत्रालय टेलीविजन सेट, क्लोज्ड सर्किट टीवी, एयर कंडीशनर्स आदि चुनिंदा इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की पहचान पर विचार कर रहा है, जिनका भारत में व्यापक स्तर पर विनिर्माण हो सकता है और बड़ी मात्रा में निर्यात किया जा सकता है। इलेक्ट्रानिक्स और कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिशद के सदस्यों के साथ दिनांक १४.०७.२०२० को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने उद्योगों से ऐसे उत्पादों और नीतिगत दखल के संबंध में विशेष सुझाव देने का आह्वान किया, जो उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए जरूरी हैं। सरकार ऐसे उत्पादों के विनिर्माण और निर्यात के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने में सहायता करेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स सॉफ्टवेयर क्षेत्र में पूरे समर्थन का भरोसा दिलाते हुए कहा कि उद्योग पिछले दो साल से स्वदेशी उत्पादन को बढ़ा रहा है और प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान पर सेक्टर के इस दिशा में और बढ़ने का अनुमान है। केन्द्रीय मंत्री ने भारत का इलेक्ट्रानिक्स हार्डवेयर और कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात बढ़ाने के लिए ईएससी द्वारा तैयार रणनीतिक पेपर का अनावरण किया।

## नहीं चलेंगी १२ अगस्त तक नियमित ट्रेनें

रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। बंद चल रहीं नियमित ट्रेनों का संचालन कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए १२ अगस्त तक बहाल नहीं होगा। इन नियमित ट्रेनों में रेगुलर पैसेंजर, एक्सप्रेस व मेल ट्रेनों के साथ सबअर्बन ट्रेनों का संचालन भी शामिल हैं। रेलवे बोर्ड ने यह फैसला गृह मंत्रालय की सलाह पर कोरोना महामारी के प्रकोप को देखते हुए लिया है। भारतीय रेलवे ने एक सर्कुलर जारी कर कहा है कि नियमित पैसेंजर, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन १२ अगस्त तक बंद रहेगा।

## डॉ. बिष्णु प्रसाद नंदा ने संभाला डीजी, आरएचएस का कार्यभार



प.सू.का/नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड में महानिदेशक, रेलवे स्वास्थ्य सेवा (डीजी आरएचएस) के रूप में डॉ. बिष्णु प्रसाद नंदा ने कार्यभार संभाल लिया है। वह रेलवे बोर्ड में स्वास्थ्य विभाग के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए हैं। इससे पहले डॉ. बी. पी. नंदा दक्षिणी रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक के रूप में कार्यरत थे। संघ लोक सेवा आयोग की १९८३ में आयोजित संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा में इन्होने अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और भारतीय रेलवे चिकित्सा सेवाओं के लिए चुने गए थे। दक्षिणी रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक के रूप में डॉ. नंदा इस क्षेत्र के लिए दवाओं और शल्य चिकित्सा संबंधी उपकरणों की ई-सरकारी खरीद (ई-प्रोक्योरमेंट) को लागू करने में सहायक थे। डॉ. बी. पी. नंदा के कार्यकाल के दौरान जोनल स्तर पर दो सीएमई कार्यक्रम और एक अखिल भारतीय सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## रेलवे लेगा बुलेट ट्रेन कॉरिडोर बनाने में निजी क्षेत्र का साथ



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने अहमदाबाद-मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन हाईस्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना के बाद दिल्ली-वाराणसी समेत नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है। हाईस्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना में रेल लाइनों को बिछाने में निजी क्षेत्र की कंपनियों का साथ लिया जाएगा। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने कहा कि, रेलवे को विश्वस्तरीय व आधुनिक बनाने की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। इन परियोजनाओं की गति कोविड-१६ के चलते धीमी पड़ी, लेकिन कुछ सप्ताह से उसमें तेजी आ गई है। इसमें इसमें भारी पूंजी की जरूरत होगी, जिसके लिए निजी निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा। रेलवे के साथ राज्यों की भी भागीदारी की जाएगी। दिल्ली-वाराणसी के बीच प्रस्तावित हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट बनाने को नेशनल हाईस्पीड रेल कॉरपोरेशन ने टेंडर जारी कर दिया है।

# शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता को भारत की कमजोरी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए: प्रधानमंत्री



प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व से लद्दाख के निमू में मुलाकात की और थल सेना, वायु सेना और आईटीबीपी के जवानों के साथ बातचीत की। दिनांक ०३.०७.२०२० प्रधानमंत्री ने हमारे सशस्त्र बलों की वीरता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका साहस और भारत माता के प्रति समर्पण अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों ने जो अनुकरणीय बहादुरी दिखाई है, उससे दुनिया ने हमारी ताकत को समझा है। प्रधानमंत्री ने भारत माता के उन सभी गौरवान्वित सुपुत्रों को याद किया जिन्होंने गलवान घाटी में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि जो जवान शहीद हुए हैं वे पूरे भारत से संबंध रखते थे और भारत भूमि की बहादुरी के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि भारत शांति और मित्रता के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन, शांति के लिए इस प्रतिबद्धता को भारत की कमजोरी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हथियारों के आधुनिकीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास ने हमारी रक्षा क्षमताओं को कई गुना बढ़ा दिया है।

प्रधानमंत्री ने याद करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों का वैश्विक सैन्य अभियानों में बहादुरी और क्षमता का एक लंबा इतिहास रहा है जिसमें दो विश्व युद्ध भी शामिल हैं।

# मतदाता सूची में प्रवासी मजदूरों के नाम शामिल करने को चले अभियान: चुनाव आयोग

रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। कोरोना महामारी और लॉकडाउन के चलते बिहार समेत दूसरे राज्यों को लौटे प्रवासी मजदूरों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने राज्यों के चुनाव अधिकारियों से विशेष अभियान चलाने को कहा है। आगामी चुनावों पर आयोग के इस फरमान का असर पड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर बिहार और उत्तर प्रदेश में पड़ेगा। कोरोना और लॉकडाउन की वजह से वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक करीब आठ करोड़ प्रवासी मजदूर घरों को लौटे हैं। जिसमें केवल यूपी में ३० लाख और बिहार में २५ लाख मजदूर हैं। बिहार में अभी सात करोड़ १८ लाख मतदाता हैं। प्रवासियों के लौटने से उम्मीद है कि कम से कम १६ लाख नए मतदाताओं के नाम सूची में जुड़ेंगे। आयोग ने राज्यों से प्रवासी मजदूरों के नाम सूची में शामिल करने को कहा है। जरूरत के मुताबिक राज्य विशेष अभियान भी चला सकेंगे। जिला स्तर पर कैंप लगाकर भी नए नाम जोड़े जा रहे हैं और प्रवासी मजदूर मतदाता सूची में ऑनलाइन भी अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।




# जोजिला सुरंग पर काम जल्द होगा शुरू: गडकरी



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। लद्दाख को जोड़ने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हम करीब ७,५०० से ८,००० करोड़ रुपये की लागत वाली जोजिला सुरंग पर भी जल्द काम शुरू कर रहे हैं। सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्यम मंत्रालय के जम्मू-कश्मीर के युवाओं के लिए रोजगार अवसर बाधाएं और समस्याओं पर आयोजित वीडियो कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि नया एक्सप्रेस राजमार्ग का निर्माण दिल्ली को अमृतसर और कटड़ा से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। जिससे दिल्ली और अमृतसर के बीच ११० से १२० किलोमीटर प्रति घंटा की औसत गति से यात्रा समय चार घंटे कम हो जाएगा।

# सावन के पहले सोमवार को गूँजा हर हर महादेव का उद्घोष

रे.स.ब्यूरो./संवा। शिवालयों में भक्तों और भगवान के बीच पहली बार कोविड-१६ की गाइड लाइन के पालन में सावन के प्रथम दिन दूरी बनी रही। भगवान शिव के प्रिय दिन सोमवार को वैध ति योग में सावन लगा। थर्मल स्क्रीनिंग के बाद दूर से श्रद्धालुओं ने दूर से दर्शन किया, लेकिन इंद्रदेव ने रिमझिम फुहारों से महादेव का जलाभिषेक कर कसर पूरी कर दी। सरस्वती घाट स्थित मनकामेश्वर महादेव के पट सुबह सात बजे के बीच खोले गए और भक्तों ने हर हर महादेव का उद्घोष किया।

# गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस पर वेबिनार कार्यशाला का आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। रेलवे में 'गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस' द्वारा खरीददारी विषय पर वेबिनार कार्यशाला का आयोजन पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर मे दिनांक ०२.०७.२०२० को महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एन.पी.सिन्हा सहित मुख्यालय एवं मंडलों के लगभग १०० अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने कहा कि हमें वस्तुओं और सेवाओं से जुड़े सामानों का अधिकाधिक क्रय सीधे 'गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस' लमड के माध्यम से किया जाना चाहिए। इससे क्रय किए जाने वाले सामानों की गुणवत्ता भी उच्चकोटि की होती है तथा किसी की मध्यस्थता नहीं होने के कारण सामानों के क्रय में पारदर्शिता भी बनी रहती है। वेबिनार में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अशोक कुमार मिश्र, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण ब्रजेश कुमार, मुख्य परियोजना निदेशक दिनेश कुमार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज सक्सेना, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आोक महेश्वरी, सहित सभी उच्चाधिकारियों ने GeM से जुड़े विविध विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

# मेधावियों का केपी कॉलेज में हुआ सम्मान

रे.स.ब्यूरो./संवा। केपी इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा २०२० में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्रनाथ सिंह ने प्रशस्तिपत्र देकर रविवार दिनांक ०५.०७.२०२० को सम्मानित किया और राष्ट्रपति अब्दुल कलाम एवं मुंशी प्रेमचंद्र द्वारा लिखी गयी पुस्तकें भेंट कीं।

# बेवजह रात में घूमने वालों पर हुआ मुकदमा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। बेवजह रात १० बजे के बाद घूमने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर पुलिस ने कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वाले, बिना मास्क पहने घूमने वाले और देर रात तक दुकान खोलने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर धूमनगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

दूसरी ओर सिविल लाइन्स पुलिस ने भी पूर्व छात्र नेता बाबुल सिंह व उनके साथी के खिलाफ बिना मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। धूमनगंज के हरवारा इलाके में पुलिस ने शनिवार दिनांक ०४.०७.२०२० की रात १०:०० बजे के बाद घूम रहे जयशंकर, अजय, शिव बाबू और पंकज के खिलाफ मास्क ना लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना पर धारा १८८ और महामारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# डीडीयू-गाजियाबाद के बीच १३० की रफ्तार से चलेंगी ट्रेनें

रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज मंडल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन और गाजियाबाद के बीच ७६० किमी ट्रैक पर तेज गति से ट्रेन चलाने की रेलवे संरक्षा आयुक्त ने हरी झंडी दे दी है। वहीं अब सभी ट्रेनें १३० किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलाई जा सकती हैं। पिछले कई साल से उत्तर मध्य रेलवे जोन का प्रयागराज मंडल ट्रैक पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा था। ट्रैक तैयार होने के बाद रेलवे संरक्षा आयुक्त ने इसका निरीक्षण किया और आयुक्त को ट्रैक सेमी हाईस्पीड ट्रेनें चलाने के लिए फिट मिला। वंदे भारत एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस और प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेनें ट्रैक पर १३० किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही हैं।

भविष्य में अन्य ट्रेनों की गति बढ़ाने की योजना है। वहीं उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अजीत सिंह ने कहा कि रेक में बदलाव के बाद अन्य ट्रेनों की स्पीड बढ़ाई जाएगी। ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए एलएचबी कोच वाली ट्रेन ही १३० किमी. प्रति घंटा रफ्तार से चल सकती है। बतादें कि वर्तमान में प्रयागराज, हमसफर और प्रयागराज-मथुरा एक्सप्रेस में एलएचबी कोच लगे हैं।

# डीआरएम कार्यालय में कोरोना पॉजिटिव मिलने से मचा हड़कंप

रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में डिप्टी क्रू मैनेजमेंट के पद पर कार्यरत कर्मचारी के कोरोना पाजिटिव होने की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार दिनांक ०३.०७.२०२० को वहां हड़कंप मचा रहा। वहीं कंट्रोल में तैनात रेलकर्मियों में भी दहशत रही। स्मिथ रोड कालोनी में रहने वाले कर्मचारी की रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद दस अन्य कर्मचारियों को होम क्वारंटाइन कर दिया गया। प्रयागराज मण्डल के पीआरओ ने कहा कि सोमवार दिनांक ०६.०७.२०२० से ३५ से ५० फीसदी स्टाफ ही कार्यालय आएगा।

# लौटने लगीं पटरी पर आर्थिक गतिविधियां: सुरेश कुमार खन्ना

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा है कि कोरोना जैसी महामारी से प्रदेश पिछले कई महीनों से जूझ रहा है। आर्थिक गतिविधियां व विकास कार्य महामारी के कारण प्रभावित हुआ है और राजस्व प्राप्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।



वहीं प्रदेश सरकार ने पूरी ताकत से संक्रमण को रोकने का प्रयास किया है, और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के सरकार के प्रयासों का असर सामने आने लगा है। उन्होने कहा कि अब सरकार का प्रयास है कि कोरोना संक्रमण के प्रसार को हर हाल में रोका जाए और आर्थिक गतिविधियों व विकास कार्य को आगे बढ़ाया जाए।

# फाफामऊ-प्रतापगढ़ के बीच अगले वर्ष दौड़ेगा इलेक्ट्रिक इंजन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अगले साल से फाफामऊ-प्रतापगढ़ खंड में ट्रेनें इलेक्ट्रिक इंजन से दौड़ेंगी। जिसके लिए ओवरहेड लाइन लगाने का काम शुरू हो गई है। चालू वित्तीय वर्ष में ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा करने का लक्ष्य है। इन स्टेशनों के मध्य ओवरहेड लाइन बिछाने के लिए पोल मऊआइमा स्टेशन परिसर में रखे गए हैं। ओवरहेड लाइन का काम रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन लखनऊ एजेंसी से कराया जाएगा । टेलीकॉम की लाइन बिछाई जा रही है और खंड में सभी सिगनलों को विद्युतीकृत किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कार्य से जुड़े सेक्शन इंजीनियर ने बताया कि ओएचई का काम कोरोना के कारण शुरू होने में देर हो रही है। लेकिन अगले साल मार्च तक काम पूरा करने का लक्ष्य है।

# कोरोना से बुजुर्ग महिला की मौत

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। एसआरएन अस्पताल में भर्ती दरियाबाद की बुजुर्ग महिला ने सोमवार दिनांक ०६.०७.२०२० की आधी रात के बाद दम तोड़ दिया। जिसके बाद प्रोटोकॉल के तहत मंगलवार को दिन में शव का फाफामऊ में अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिसके बाद दिनांक ०६.०७.२०२० तक जिले में कोरोना से कुल १४ मौतें हो चुकी हैं। बतादें कि अतरसुइया थानाक्षेत्र के दरियाबाद इलाके की रहने वाली ६१ वर्षीय महिला चार जून को एसआरएन अस्पताल में भर्ती हुई थी। जांच में वह कोरोना पाजिटिव पाई गई थीं। उनकी तबीयत अगले ही दिन और खराब हो गई और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। डॉ. सुजीत वर्मा कोरोना वार्ड के नोडल ने बताया कि महिला को गठिया की बीमारी भी थी। इसके अलावा महिला किडनी की बीमारी से भी पीड़ित थी। प्रशासनिक अफसरों ने मंगलवार को दिन में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# जल्द शुरू हो सकती हैं प्रयागराज से और विशेष ट्रेनें

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। आने वाले दिनों में प्रयागराज जंक्शन से कुछ और विशेष ट्रेनों का भी संचालन शुरू होने की उम्मीद है। जिसके लिए रेलवे ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार कहा जा रहा है कि जल्द ही रेलवे करीब ४५ जोड़ी यानी ६० नई विशेष ट्रेनें इसी माह शुरू कर सकता है। रेलवे ने इस संबंध में मंजूरी के लिए गृह मंत्रालय को संबंधित ट्रेनों की सूची भेजी है। इस सूची में गंगा गोमती एक्सप्रेस, बुंदेलखंड एक्सप्रेस आदि नाम शामिल हैं। बतादें कि रेलवे ने १०० जोड़ी ट्रेनों का संचालन अनलॉक १ के दौरान शुरू किया। जिसमे शिव गंगा एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस, महानगरी समेत कई ट्रेनें नियमित रूप से प्रयागराज जंक्शन और छिवकी के रास्ते नियमित रूप से चल रही हैं। रेल प्रशासन ने मई में १३ जोड़ी राजधानी स्पेशल और १ जून से १०० जोड़ी ट्रेन का संचालन शुरू होने के बाद तमाम जोनल रेलवे द्वारा उन रूटों की सूची बनाई गई जहां यात्रियों की ज्यादा आवाजाही है। वर्तमान समय प्रयागराज से लखनऊ, झांसी और मथुरा आदि शहरों के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नहीं चल रही है। रेलवे अफसरों को भी उम्मीद है कि बुंदेलखंड और गंगा गोमती के संचालन की अनुमति बोर्ड रेलवे बोर्ड से मिल सकती है।

# उचक्कों ने अधिकारी की पत्नी की छीनी चेन

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। झपट्टा मार कर बाइक सवार बदमाश ने डीजल रेल कारखाना के सहायक मेटेरियल प्रबंधक की पत्नी के गले से सोने की चेन छीन ली। घटना बुधवार दिनांक ०८.०७.२०२० की रात की है जिसके बाद भुक्तभोगी की शिकायत पर पुलिस हरकत में आई लेकिन बदमाश का पता नहीं चल सका। आवास संख्या १६०-ए के सामने जो कि डीरेका परिसर मे ही है सुशीला सिंह टहल रही थी। इसी दौरान सफेद अपाचे बाइक पर बैठ कर सफेद रंग का हेलमेट पहने हुए एक बदमाश आया और सुशीला के गले से चेन छीनकर भाग निकला।

# शहीद के स्मारक और यादगार के लिए खेल का मैदान बनेगा

-सिद्धार्थ नाथ सिंह



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। देश के लिए ही नहीं उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा मिसाल एवं हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे यह उदगार तहसील हंडिया के नब्बे चौराहा गांव के शहीद उपनिरीक्षक पुलिस नेब्बू लाल की पत्नी और पिता को प्रमाण पत्र देने के दौरान व्यक्त किया।

सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा स्व० नेब्बू लाल की शहादत बेकार नहीं जाएगी बड़ा बड़ा अपराधी बख्शा नहीं जाएगा। इनका संघर्ष समाज को प्रेरणा देता रहेगा। दुखद धड़ी में मा० मुख्यमंत्री के आदेश पर परिवार से मिलने आया हूँ परिवार के बीच जाकर बातचीत करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा है मैं भी परिवार से मिलने आऊंगा। शहीद की शहादत उसके आगे कुछ भी नही है। एक करोड़ रुपए आरटीजीएस के माध्यम से कल प्रेषित कर दिया गया है। रिटायर्ड होने पर पेंशन भी मिलेगी।पत्नी की आग्रह पर शहीद की स्मृति में खेल का मैदान यादगार और प्रेरणा के रूप में स्थापित होगा।मैं प्रयागराज का हूँ परिवार के साथ सदैव साथ खड़ा रहूँगा। इस मौके पर जिलाधिकारी भानु चंद गोस्वामी, एसएसपी अभिषेक दीक्षित ,जिलाध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे, पूर्व जिला महामंत्री राजेन्द्र पाण्डेय,सुरेश मिश्रा, संतोष शुक्ल, वीरेंद्र मोर्य, अनिल मौर्या, अठई राम, चंद्रभान, अनुज तिवारी, एसडीएम हड़िया, क्षेत्राधिकारी हंडिया, रामजियावन,मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी आदि अधिकारी एवं भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेलवे रिकॉर्ड रूम के लिए चार्ट नहीं छाप कर प्रति वर्ष बचाएगा ८० लाख रुपये

रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के पेपरलेस मुहिम की ओर प्रयागराज मंडल ने एक और कदम बड़ाते हुए रिकॉर्ड रूम के लिए ट्रेनों के चार्ट नहीं छापने का निर्णय लिया है। जिससे प्रयागराज मंडल को ही हर वर्ष ८० लाख रुपये की बचत होगी। बतादें कि मंडल से होकर गुजरने वाली रेल गाड़ियों का चार्ट मंडल के प्रमुख स्टेशनों प्रयागराज जं एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रिकार्ड के रूप में रखा जाता है जिस कारण अत्यधिक चार्ट पेपर खर्च होता है और रिकार्ड रूम में गंदगी भी फैलती है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंशू पाण्डेय की पहल पर क्रिस साफ्टवेयर द्वारा प्रयागराज एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन के मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक को स्पेशल आईडी प्रदान की गई है। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक की अनुमति से प्रयागराज मंडल के अंतर्गत यह व्यवस्था लागू कर दी गई है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मंत्री नंदी ने बांटे मास्क और मिठाई



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने नैनी क्षेत्र में प्रवासी श्रमिकों की बस्ती में जाकर मिठाई व मास्क वितरित करके मनाया नन्दी ने कहा कि एक राष्ट्र में एक प्रधान, एक निशान, एक विधान के उद्घोषक एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की ११६ वीं जयंती उन्हें नमन करता हूं। उन्होने कहा कि उनका जीवन और व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों का पथ आलोकित करता रहेगा।

## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभीतक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

सम्पादकीय

## त्योहार और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

गरीब वर्ग को अन्न से संबल देने का प्रयास वह भी कोरोना, बारिश और त्योहारों के समय सराहनीय और स्वागतयोग्य है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताजा घोषणा मूल रूप से देश की गरीब जनता की सुधि लेने को सराहनीय प्रयास है, सरकार ने जुलाई से नवंबर तक पूरे पांच महीने तक देश के करीब ८० करोड़ जरूरतमंदों को पांच-पांच किलो गेहूं या चावल और चना मुफ्त देने का जो फैसला किया है, उससे देश को एक मानवीय आधार मिलेगा। विशेष रूप से बिहार जैसे श्रमिक बहुल राज्य में छठ पूजा का बहुत महत्व है, जिसे प्रधानमंत्री ने भी जाहिर किया है।

बड़ी संख्या में ऐसे कामगार होंगे, जो अब नवंबर में छठ पूजा के समापन के बाद ही यात्रा की योजना बनाएंगे। इस घोषणा को देखने वाले चुनाव से जोड़कर भी देखेंगे, लेकिन वह भी इस योजना के व्यापक महत्व से इनकार नहीं कर पाएंगे। वहीं योजना का श्रेय किसानों और ईमानदार करदाताओं को दिया गया है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी बहाने से किसी भी जरूरतमंद को योजनाओं के लाभ से वंचित न किया जाए।

प्रधानमंत्री के भाषण में महत्वपूर्ण बात यह भी शामिल है कि एक देश एक राशन कार्ड की घोषणा वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मई के मध्य में ही कर दी थी और उन्होंने यह भी बता दिया था कि ऐसा मार्च २०२१ में संभव हो जाएगा। एक देश एक राशन कार्ड लंबे समय से इस देश की जरूरत रही है।

सभी राज्य अगर इस व्यवस्था को मिलकर पहले ही साकार कर लेते, तो संभव है, कोरोना के समय लाखों की संख्या में लोगों को अपने घर न लौटना पड़ता।

## मास्क न लगाने वालो के विरूद्ध विशेष जांच अभियान चलाकर हो कार्यवाही -मण्डलायुक्त



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। कोविड-१६ के सम्बंध में चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा बैठक मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देषित करते हुए कहा कि कोविड के तहत चलाये जा रहे डोर-टू-डोर परीक्षण अभियान में कोई भी व्यक्ति जांच से छूटने न पाये। दिनांक ०६.०७.२०२० को मण्डलायुक्त ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डोर-टू-डोर परीक्षण के लिए गठित की गयी टीमें अनिवार्य रूप से क्षेत्र में रहकर लोगो का परीक्षण करें।

मण्डलायुक्त ने मास्क न लगाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए भी निर्देषित किया है। उन्होने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासिनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी प्रयागराज भानुचन्द्र गोस्वामी, अपर निदेशक स्वास्थ्य, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बेली अस्पताल में बनाये गये कोविड सेंटर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। बेली अस्पताल में कोविड मरीजों के लिए बनाये गये आइशोलेशन वार्ड एवं अन्य वार्डो में सुनिश्चित की गयी व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चन्द्र गोस्वामी ने शुक्रवार दिनांक १०.०७.२०२० को निरीक्षण किया। उन्होने कोविड मरीजों के वार्ड में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने एवं मरीजों के लिए खाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० जी० एस० वाजपेयी, नोडल अधिकारी डॉ० ऋषि सहाय सहित अन्य चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

## प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक बने अचल प्रकाश

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। डिब्रूगढ़ एयरपोर्ट के निदेशक रहे अचल प्रकाश को प्रयागराज एयरपोर्ट का निदेशक बनाए गए हैं। उन्होने यह जिम्मेदारी मंगलवार दिनांक ०७.०७.२०२० की सुबह प्रयागराज एयरपोर्ट पर संभाल ली।

निवर्तमान निदेशक सुनील यादव और एयरपोर्ट व एयरलाइंस के अफसरों ने अचल प्रकाश का स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नए निदेशक ने बताया कि प्रयागराज से कई शहरों की विमान सेवा संचालित है। प्रयागराज को देश के अन्य शहरों से भी जोड़ना है। इसमें सबसे पहले प्रस्तावित शहरों के लिए विमान सेवा शुरू करनी है।

वहीं एक साल से अधिक समय तक प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक रहे सुनील यादव का नई दिल्ली एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोल में तबादला हुआ है। सुनील जब आए तो प्रयागराज से सिर्फ नई दिल्ली की एक उड़ान थी। इसके बाद कोलकाता, मुंबई, पुणे, बंगलूरू रायपुर, गोरखपुर आदि शहरों के लिए प्रयागराज से विमान सेवा शुरू हुई।

## ११ अक्तूबर को होगी प्राचार्य के पदों के लिए परीक्षा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। २६० पदों पर भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश के सहायता प्राप्त डिग्री क लेजों में प्राचार्य की लिखित परीक्षा ११ अक्तूबर को कराई जाएगी। उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग की बैठक में मंगलवार दिनांक ०७.०७.२०२० को हुई नई तिथि तय की गई। पहले यह परीक्षा १६ अप्रैल २०२० को होनी थी लेकिन आयोग को मार्च में ल कडाउन की वजह से यह परीक्षा स्थगित करनी पड़ी थी। सचिव वंदना त्रिपाठी ने बताया कि कोविड-१६ के दिशा निर्देशों के मद्देनजर ११ अक्तूबर को परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है। बतादें कि प्राचार्य पद के लिए चयन पहली बार लिखित परीक्षा के जरिए होना है।

## नए सत्र में होगी इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ऑनलाइन पढ़ाई

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म का फार्मूला इला. विश्वविद्यालय ने पहली बार तैयार किया है। पूरब का ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले देश भर में यह पहला विश्वविद्यालय होगा जो नए शैक्षिक सत्र २०२०-२१ में ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कराने की तैयारी की है। इसी कड़ी में मंगलवार दिनांक ०७.०७.२० को इविवि प्रशासन की ओर से ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन के लिए नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। बतादें कि कुलपति प्रो. आर आर तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में १७ अगस्त से नया सत्र शुरू करने पर फैसला लिया गया है। इसके



साथ ही सभी विभागाध्यक्ष को कुलपति ने निर्देश दिया है कि वह १५ जुलाई तक ऑनलाइन क्लास की समय सारिणी तैयार कर लें और ३१ अगस्त तक वेबसाइट पर लेक्चर अपलोड करने के लिए कहा गया है। प्रो. तिवारी ने चारों संकाय के डीन को निर्देश दिया है कि वह विद्यार्थियों का डेटा बैंक तैयार करें। इसके लिए विद्यार्थी का नाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल आइडी जुटाने को कहा गया है। यह व्यवस्था इविवि समेत ११ सभी संबद्ध क लेजों में भी लागू होगा। कोविड महामारी ने देशभर की शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित किया है। नए सत्र में कक्षाओं का संचालन लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। इविवि समेत ११ संबद्ध कॉलेजों से सभी पाठ्यक्रमों के लिए ५५ हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

## यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग अब होगी छोटे स्टेशनों पर भी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना से लड़ाई को अब प्रयागराज जंक्शन की तरह छोटे स्टेशनों पर भी यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जांच होगी। जिसके लिए फाफामऊ, प्रयाग और प्रयागराज संगम पर थर्मल स्क्रीनिंग कैमरे लगेंगे। इन स्टेशनों पर हालांकि यात्री ट्रेनों का ठहराव नहीं हैं लेकिन भविष्य के लिए थर्मल स्क्रीनिंग कैमरे लगाए जाएंगे। स्टेशनों के प्रवेश या निकासी गेट पर तथा टिकट काउंटर पर कैमरे में आवाजाही के साथ यात्री के तापमान की जांच होगी। तापमान अधिक मिलने पर मशीन आवाज करेगी। साथ ही कैमरे में यात्री का चेहरा भी रिकॉर्ड हो जाएगा। जिसके बाद यात्री को यात्रा से रोक कर सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी जाएगी। बतादें कि वर्तमान में तीनों स्टेशनों से यात्री ट्रेनें नहीं चल रही हैं। प्रयागराज संगम स्टेशन पूरी तरह बंद है। वहीं लंबी दूरी की मेल एक्सप्रेस ट्रेनें प्रयाग और फाफामऊ में नहीं रुकती हैं। कोविड के संक्रमण को रोकने के लिए छोटे स्टेशनों पर सुरक्षा के सारे उपाय हो रहे हैं।

## जारी रहेगी प्रदेश में अपराधियों के सफाये की नीति

रे.स.ब्यू./सूत्र लखनऊ। पुलिस मुठभेड़ में विकास दुबे और उनके साथियों की मौत हो या बहराइच में इनामी अपराधी पन्ना यादव की। भाजपा नेताओं ने विधानसभा चुनावी सभाओं में एलान किया था कि उनकी सरकार बनी तो अपराधी या तो जेल में होंगे या फिर ऊपर। भले ही विकास की तरह ड्रामे अंदाज में कोई और अपराधी समर्पण कर खुद को बचाने की कोशिश करे। विकास दुबे या उसके साथियों की एक के बाद एक पुलिस मुठभेड़ में हुई मौतों को लेकर भले ही सवाल उठ रहे हों लेकिन इन सब के बावजूद यह संदेश तो निकल ही रहा है कि अपराधियों से कोई नरमी न करने का वादा भाजपा सरकार भूली नहीं है। विकास दुबे कानपुर वाला, कहने वाले इस आरोपी ने खुद को ऐसी किसी घटना से बचाने की पेशबंदी करने की कोशिश पूरी की थी। जिसके बाद पूरे देश में इसकी गिरफ्तारी चर्चा का विषय बन गई, लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार इसके बाद दबाव में नहीं दिखी। बतादें कि यूपी की सत्ता पर काबिज होने के बाद ही योगी आदित्यनाथ ने ही कहा था कि अपराधी या अपराध छोड़ दें या अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें या फिर प्रदेश ही छोड़ दें।



## यूपी में उफनाईं नदियां

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। शासन ने यूपी में बारिश और नदियों के उफान को ध्यान में रखते हुए बाढ़ प्रबंधन और प्रभावितों के लिए राहत कैंप व राहत सामग्री की विस्तृत दिशा- निर्देश जारी कर दिये हैं। कारपोरेट क्षेत्र तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद भी राहत कार्यो में ली जाएगी। वहीं बेहतर कार्य करने वालों के लिए पुरस्कार देने की घोषणा भी की गई है। रेणुका कुमार अपर मुख्य सचिव ने प्रभावितों की मदद तथा राहत शिविरों के संबंध में विस्तृत गाइड लाइन मंडलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों को भेज दिये हैं।

## लखनऊ के इन होनहारों ने बढ़ाया का मान

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। कोरोना संक्रमण की बंदिश सीआईसीएसई के परीक्षा परिणाम में देखने को नहीं मिली। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन के १२वीं के रिजल्ट में छात्रों ने ६६.७५ फीसदी तक अंक हासिल किए। वहीं ६६ फीसदी से ज्यादा नंबर लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या ही सैकड़ों में पहुंच गई। गोमतीनगर के सुमित कुमार त्रिपाठी ने आईएससी में ६६.७५ प्रतिशत अंकों के साथ प्रतिभा का लोहा मनवाया। वह वैज्ञानिक बनना चाहते हैं। दूसरी ओर राजाजीपुरम के निर्गुण माथुर आईएससी में ६६.७५ फीसदी अंक लाने वाले एनडीए में जाकर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं। निर्गुण के पिता संदीप माथुर का कारोबार है और मां मीना माथुर शिक्षिका हैं। उन्होंने कहा कि नियमित और लगन के साथ की गई तैयारी हमेशा सफल होती है। उनका कहना है क,लेज में जो पढ़ाया जाए, उसके नोट्स बनाकर रिवीजन करें।

## दो इनामी बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

रे.स.ब्यू./सूत्र.अमेठी। जिले में अपराधियों की धरपकड़ एसपी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देश पर तेज कर दी गई है।

इसी कड़ी में मंगलवार दिनांक ०७.०७.२०२० की देर शाम बोझी भूलामऊ के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया।

संदिग्ध की पहचान फुरसतगंज थाने के तेंदुआ गांव निवासी नवाब उर्फ अंसार अहमद के रूप में हुई। इनामी बदमाश नवाब उर्फ अंसार के गिरफ्तार होने की पुष्टि प्रभारी सीओ अर्पित कपूर ने की है। दूसरी ओर प्रभारी निरीक्षक अमेठी श्याम सुंदर ने भी मुखबिर की सूचना पर दुर्गापुर मार्ग स्थित हथकिला के पास एक और संदिग्ध को पकड़ा जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के कमासिन गांव निवासी प्रकाश सिंह के रुप हुई।

बतादें कि पिछले दिनों एसपी की ओर से कमासिन गांव निवासी प्रकाश सिंह पर २५ हजार का इनाम घोषित किया गया था।

## आईजी कार्यालय, पुलिस लाइन के जवानों समेत लखनऊ का आंकड़ा सैकड़ा पार

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। आईजी और रिजर्व पुलिस लाइन के जवान समेत लखनऊ में कोरोना मरीजों का आंकड़ा शुक्रवार दिनांक १०.०७.२०२० को भी सैकड़ा पार रहा।

वहीं संक्रमण की पुष्टि १४० लोगों में हुई तो केजीएमयू में भर्ती एक कोरोना मरीज ने दम भी तोड़ा। पुलिस महकमे तक पहुंच चुके वायरस ने शुक्रवार को आईजी ऑफिस के क्लर्क समेत चार लोगों को चपेट में ले लिया। वहीं, रिजर्व पुलिस लाइन के नौ जवान और पुलिस हेल्पलाइन ११२ का एक कर्मचारी भी पश्जिटिव मिला।

## मेहनत और लगन से ही प्राप्त की जा सकती हैं बड़ी उपलब्धि- जिलाधिकारी प्रयागराज



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज जिलाधिकारी प्रयागराज ने माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष-२०२० में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले जनपद प्रयागराज के हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट के छात्र-छात्राओं से संगम सभागार में मुलाकात करते हुए छात्रों को सम्मानित किया। मेरिट में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज आर० एन० विश्वकर्मा के संयुक्त हस्ताक्षर से सम्मान पत्र एवं आगामी कक्षा के लिए पाठ्य पुस्तकें आदि भी दी गयी।

शिक्षण माध्यम की चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मैं भी हिन्दी माध्यम का हूँ परन्तु मैने प्रारम्भ से ही अंग्रेजी की तैयारी के लिए अंग्रेजी समाचार पत्रों से १०० शब्द प्रतिदिन नोट करके तैयार करता रहा। आप माध्यम के लिए अपने मन में हीन भावना न लाएं। जिलाधिकारी ने बच्चों को कैम्प कार्यालय आदि का भ्रमण भी कराया।

## लखनऊ के पूर्व उप महापौर अभय सेठ का कोरोना से निधन

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ के पहले और आखिरी उप महापौर अभय सेठ कोरोना से मौत हो गई। पीजीआई में वह बीते 'निवार को भर्ती किए गए थे और दिनांक ०६.०७.२०२० सोमवार की सुबह उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। नगर निगम सदन में दस साल तक सदस्य रहने वाले अभय सेठ अपने पीछे परिवार में पत्नी, बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। बेटा और बेटी दोनों शादीशुदा हैं। बेटा यहीं पर है मगर बेटी विदेश में है। अब कोरोना के कारण हवाई यातायात बंद है तो उसका आना संभव नहीं हो पाया।

## अब सेंसर बताएगा रेल ब्रिज पर जलस्तर का हाल

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। बारिश के दौरान नदियों में बढ़ने वाले जलस्तर से पुल रेलवे ब्रिज पर को कोई खतरा न हो इसके लिए उत्तर मध्य रेलवे ने नैनी समेत दस प्रमुख पुलों पर जल स्तर निगरानी प्रणाली की स्थापना की है। यह उपकरण बारिश के दिनों में संरक्षित यातायात के नैनी और मेजा रोड के पास टोंस नदी पुल समेत आगरा एवं झांसी मंडल के कुल दस प्रमुख पुलों पर लगाए हैं।

सेंसर युक्त प्रणाली वाले इस उपकरण की खासियत यह कि अगर किन्हीं कारणों से नदी का पानी उच्च स्तर की ओर पहुंचता है तो पल भर में इसकी सूचना रेलवे के अफसरों और कर्मचारियों को मिल जाएगी। यह सिस्टम प्रत्येक पांच मिनट में जलस्तर का रिकार्ड करता है। जिससे समय रहते ही रेल प्रशासन संरक्षा से जुड़े जरूरी इंतजाम कर सकता है।

## निरंतर कराया जाय साफ-सफाई व सैनीटाइजेशन का कार्य -नोडल अधिकारी



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। कोटवा एट बनी में बनाये गये एल-१ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का प्रयागराज कोविड-१६ के नोडल अधिकारी प्रकाश बिंदु ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ० लाल के साथ ही नोडल अधिकारी डॉ० बी०के० मिश्रा तथा प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी फूलपुर विवेक चतुर्वेदी एवं अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। नोडल अधिकारी ने मरीजों को उपचारित किये जाने की पूरी प्रक्रिया व बरती जा रही सावधानियों की जानकारी प्राप्त करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई व सैनीटाइजेशन का कार्य प्रतिदिन अवश्य कराया जाये। उन्होंने कार्यरत समस्त स्टाफ को सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन करने को कहा। भर्ती मरीजों की संख्या के बारें जानकारी लेते हुए कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की आवश्यक चीजों की कमी न हो।

# बैंक दिवस के अवसर पर किया गया वृक्षारोपण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। बैंक दिवस के अवसर पर १ जुलाई को भारतीय स्टेट बैंक, बाई का बाग शाखा, प्रयागराज में शाखा प्रबंधक अविनाश शुक्ल के नेतृत्व में सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और बैंक की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा बैंक के इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर राजीव पाण्डेय, सौमित्र मजूमदार, अमलेन्दु, अनुराग एवं सुशील ने शाखा के सामने रोड डिवाइडर पर वृक्षारोपण भी किया गया एवं वृक्षों की मानव जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। बाई का बाग क्षेत्र के लोगों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए शाखा के लोगों से वादा किया कि क्षेत्रवासी पेड़ों के रख रखाव का प्रयास करेंगे।

# बीएचयू में हुई पहली प्लाज्मा थेरेपी

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। कोविड से संक्रमित गंभीर मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। प्लाजमा थेरेपी के माध्यम से अस्पताल में भर्ती ऐसे मरीजों को जल्द से जल्द कोरोना से ठीक करने की कवायद शुरू हो गई है। वहीं कुछ दिनों पहले ही कुलपति प्रो. राकेश भटनागर, कमिश्नर दीपक अग्रवाल और जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा की बैठक में प्लाज्मा थेरेपी शुरू करने के फैसले के बाद कोरोना को मात देने वाले लखनऊ के एक मरीज का प्लाज्मा बीएचयू में भर्ती कोरोना संक्रमित मरीज को चढ़ाया गया। प्लाज्मा शनिवार दिनांक ११.०७.२०२० को लखनऊ से मंगाया गया था। सीएमओ डॉक्टर वीबी सिंह ने बताया कि लखनऊ से मरीज का प्लाज्मा आने के बाद सुपर स्पेशलिटी में भर्ती एक मरीज को प्लाज्मा चढ़ा दिया गया है। सीएमओ डॉक्टर वीबी सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक प्लाजमा ब्लड बैंक को मिल सके इसके लिए कोरोना को मात देने वाले मरीजों से प्लाज्मा डोनेट करने की अपील भी की जा रही है।

# 55 घंटे के लाकडाउन में फिर ठहर गया प्रयागराज

रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज में फिर एक बार जन-जीवन ठहर गया। ५५ घंटे के लाकडाउन का पुलिस सख्ती से पालन कराने में जुट गई थी ।

दो दिन के प्रदेश भर में लॉकडाउन में कुछ राशन की दुकानें शहर में खुली थीं, जिसे प्रशासन ने बंद करा दिया था। पूरे शहर में सन्नाटा पसर गया था। कटरा, खुल्दाबाद, सिविल लाइंस, चौक, बहादुरगंज, मुट्ठीगंज आदि इलाकों में कुछ राशन की दुकानें खुली थीं, जिसे पुलिस ने बंद करा दिया है। शहर में लॉकडाउन से भी अधिक सख्ती चल रही है। पुराने शहर के तमाम मोहल्लों में सब्जियों के भी ठेले नहीं दिखे। गली मोहल्लों में किराने की दुकानें तो खुली लेकिन पुलिस की सख्ती की वजह से तमाम लोगों को थोड़ी ही देर में अपने शटर गिराने पड़े।

कुछ ने हिम्मत करके दुकानें खोली तो उन्होंने आधे ही शटर खोलें। यहाँ तक की दूध वाले भी ग्राहकों के घर तक नहीं पहुंच सके।

# सदी के महानायक के लिए हुआ हवन- पूजन

रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज की माटी के और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रयागराज में हवन-पूजन और पाठ शुरू किया गया है। कोरोना से पीड़ित अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, एश्वर्या बच्चन व उनकी पुत्री के जल्द स्वस्थ होने की कामना संगम तीरे तीर्थ पुरोहितों ने हवन करके अमिताभ बच्चन के जल्द स्वस्थ होने और चिरायु की कामना की।

# आरएमआरसी के वैज्ञानिक समेत ८८ मिले संक्रमित

रे.स.ब्यू./सूत्र। गोरखपुर जिले में आरएमआरसी के ३८ वर्षीय सीनियर वैज्ञानिक और आरएमआरसी के ही २५ वर्षीय लैब टेक्नीनिशियन पॉजिटिव मिले हैं। सीएमओ डॉ. श्रीकांत तिवारी ने बताया कि शनिवार दिनांक ११.०७.२०२० को पहली बार एक साथ ८४ कोरोना संक्रमित मिले हैं। जिसमें शहरी ६० और ग्रामीण क्षेत्र के २४ मरीज शामिल हैं। जिसमें ६० प्रतिशत युवा मरीजों हैं। इस तरह जिले में अब तक कोरोना संक्रमितों की संख्या ६३२ हो गई है, जबकि १७ मरीजों की मौत हो चुकी है। संक्रमण की चपेट में आने वालों में रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर के सीनियर वैज्ञानिक, एक इंटर व डिग्री कॉलेज के प्रबंधक, कमिश्नर के पीए की पत्नी और बेटी भी शामिल हैं।

# कोरोना के खिलाफ जंग में उत्तर रेलवे ने उपलब्ध कराये ५०३ आईसोलेशन कोच

रे.स.ब्यूरो./संवा. दिल्ली। उत्तर रेलवे ने राज्य सरकार की मांग पर अतिरिक्त् सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से कोविड केयर सेंटर वाले ५०३ आईसोलेशन कोच उपलब्ध कराये हैं। ये ५०३ आईसोलेशन कोच दिल्ली क्षेत्र के ६ अलग-अलग स्थानों जिसमें आंनद विहार टर्मिनल, शकूरबस्ती्, दिल्ली सराय रौहिल्ला, दिल्लीर सफदरजंग, दिल्ली शाहदरा, आदर्श नगर, दिल्ली छावनी, बादली और तुगलकाबाद पर लगाए गए हैं। उत्तर एवं उत्तर मध्य' रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने बताया कि ८०४८ बिस्तगरों की सुविधा वाले इन डिब्बोंथ के रख-रखाव के लिए इन स्टेशनों पर बुनियादे सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही एम्बुलेंस के सुगम आवागमन के लिए सड़क मार्ग भी उपलब्ध है।

शकूरबस्ती स्थित कोविड केयर सेंटर में दिनांक १०.०७.२०२० तक कुल ७५ मरीज भर्ती किए गए जिसमें से २६ मरीजों को शिफ्ट किया गया है जबकि ४६ मरीज अभी भी भर्ती हैं।

# नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। रेलवे के ग्रुप डी में नौकरी लगाने के नाम पर एक प्रतियोगी छात्र को लाखों की चपत लगी है। भुक्तभोगी निवासी करेली राजेंद्र कुमार निषाद ने करेली थाने में कोरांव के देवेंद्र यादव खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होने ने बताया कि कुछ साल पहले रेलवे ग्रुप डी में भर्ती निकली थी। इस बीच उसकी मुलाकात देवेंद्र यादव से हुई और उसने रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। बोला था कि वह रेलवे में कार्यरत है और कि तों में करीब ५ लाख ६४ हजार से ज्यादा रुपये हड़प गया। लेकिन न तो नौकरी लगी और ना ही उसने पैसा वापस किया।

फोन करने पर धमकी देते हुए कहा कि शूटर से हत्या करा देगा। परेशान होकर प्रतियोगी छात्र ने अफसरों से मदद की गुहार लगाई। इसके बाद करेली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया।

# देश में २.७२% तक गिरकर पहुंची कोरोना मृत्यु दर :स्वास्थ्य मंत्रालय

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। कोविड-१६ से होने वाली मृत्यु दर एक महीने पहले २.८२ थी जो अब गिरकर २.७२ प्रतिशत हो गई है केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार दिनांक ११.०७.२०२० को कहा कि भारत में जो मृत्यु दर है वह कई अन्य देशों के मुकाबले कम है। मंत्रालय ने कहा कि साथ ही स्वस्थ होने की दर में वृद्धि हुई है और शुक्रवार दिनांक ११.०७.२०२० तक ६२.४२ प्रतिशत मरीज स्वस्थ हुए। १८ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वस्थ होने की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक रही। इसमें कहा गया है, राष्ट्रीय स्तर पर मृत्यु दर गिरकर २.७२ प्रतिशत रह गई। यह दुनिया में कई देशों की मृत्यु दर से कम है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग और दिशा निर्देशों से राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों ने बुजुर्ग लोगों और विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों की पहचान करने जैसे कई कदम उठाए और उन्हें विशेष देखभाल मुहैया कराई। मंत्रालय ने कहा कि जिन ३० राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मृत्यु दर कम रही उनमें केरल, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, तमिलनाडु, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

## अपील

रेल समाचार ब्यूरो सभी देश वासियों से अपील करता है कि, अनलॉक-२ का पूरी तरह पालन करें, उचित दूरी बनाए रखें और अति आवश्यक कार्य हेतु ही बाहर निकलें।

- प्रधान संपादक

# पादरी के मकान समेत दुकानों पर चला बुलडोजर

रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। अवैध निर्माण कराने वालों के खिलाफ पीडीए ने बृहस्पतिवार दिनांक ०६.०७.२०२० को बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच स्थानों पर ध्वस्तीकरण किया। वहीं एक पादरी समेत अलग-अलग क्षेत्रों में निर्माण ध्वस्त किए गए। जोनल अधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने पीडीए उपाध्यक्ष टीके शिबू के निर्देश पर प्रवर्तन दल के साथ मीरापुर से कार्रवाई शुरू की। यहां निर्माणाधीन आठ दुकानों का ध्वस्तीकरण कराया। जोनल अधिकारी के मुताबिक पादरी राजेश जोसफ के भवन में पूर्व में ध्वस्त कराए गए हिस्से को तोड़ा गया। पादरी ने इस कार्रवाई को अवैधानिक बताया है। कार्रवाई में जोनल अधिकारी के साथ भवन निरीक्षक एसपी सिंह, अवर पीडीए प्रवर्तन दल अतरसुइया और मुट्ठीगंज थाने का पुलिस बल शामिल थे।

# सीसीटीवी कैमरे से लैस होंगी देश की महत्वपूर्ण ट्रेनें

रे.स.ब्यूरो./संवा प्रयागराज। देश की महत्वपूर्ण ट्रेनें अब रियल टाइम ऑन बोर्ड सीसीटीवी मॉनीटरिंग सिस्टम से लैस की जाएंगी। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे से यह व्यवस्था करने को कहा है। इससे सभी कोचों में क्या हो रहा है इसकी जानकारी ट्रेन मे मौजूद गार्ड को मिलती रहेगी।

बतादें कि वर्तमान में कुछ चुनिंदा ट्रेनों में ही सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन उनकी रियल टाइम ऑन बोर्ड मॅनीटरिंग नहीं है। मई २०१८ में उत्तर मध्य रेलवे द्वारा शुरू की गई हमसफर एक्सप्रेस में ही रियल टाइम ऑन बोर्ड सीसीटीवी मॅनीटरिंग सिस्टम स्थापित है। रेलवे बोर्ड ने एनसीआर की हमसफर में की गई व्यवस्था को पिछले वर्ष के २० अच्छे कार्य में शामिल भी किया है।

ऐसे में अगर कहीं कुछ वारदात, चोरी आदि की घटना होती है तो ट्रेन के गंतव्य स्टेशन पहुंचने के बाद उसके कैमरे की रिकार्डिंग से ही बाद में फुटेज देखी जा सकती है। उत्तर मध्य रेलवे मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने पिछले वर्ष के जो २० अच्छे कार्य चिह्नित किए हैं उसमें प्रयागराज-दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस के रियल टाइम ऑन बोर्ड सीसीटीवी मॉनीटरिंग सिस्टम की व्यवस्था जोनल रेलवे से सभी प्रमुख ट्रेनों में करने को कही है।

# वक्त के साथ चलने की जरूरत है और मजबूरी भी

आज बच्चे कंप्यूटर पर हिंसक गेम्स में उलझे हैं। पहले कॉमिक्स का जबर्दस्त क्रेज था। लेकिन एक समय था, जब महाभारत और रामायण को देखने के लिए पूरा मोहल्ला एक साथ जुटता था। अब तो मल्टीप्लेक्स थियेटरों का दौर है। दूरदर्शन निजी चैनलों के भीड़ में खो चुका है। यह सब कहने का मतलब है कि वक्त तेजी से बदल रहा है। इसलिए वक्त के साथ चलने की जरूरत है और मजबूरी भी।

# कार्ड धारकों को मिलेगा मुफ्त राशन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जिले के ४३ लाख से अधिक कार्ड धारकों को केंद्र सरकार की मुफ्त राशन वितरण का लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार की ओर से नवंबर तक हर महीने प्रति सदस्य पांच किग्रा मुफ्त राशन वितरण की घोषणा की गई है। वहीं जुलाई में तीन किग्रा गेहूं और दो किग्रा चावल वितरित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा प्रति कार्ड एक किग्रा चना का भी वितरण किया जाएगा। जिले में १० लाख से अधिक राशन कार्डधारक हैं। वहीं कुल सदस्यों की संख्या ४३ लाख १० हजार से अधिक है। इनमें नए कार्डधारकों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। विगत तीन महीने में भी हर सदस्य पांच किग्रा चावल का वितरण किया गया। इसके तहत जिले के लिए १.२६ लाख कुंतल से अधिक गेहूं का कोटा निर्धारित किया गया है। वहीं ८६ हजार कुंतल से आधिक चावल का वितरण होगा। इनके अलावा प्रति कार्ड एक किग्रा चना भी दिया जाएगा।

# उपमुख्मंत्री ने टॉपरों से किया सीधा संवाद



रे.स.ब्यूरो./संवा. लखनऊ : डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा गूगल मीट के माध्यम से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप करने वाले मेधावियों से ऑनलाइन मुखातिब हुए। रिया जैन हाईस्कूल की टॉपर से उन्होंने पूछा कि आप भवि य में क्या बनना चाहती हैं तो उसने कहा कि मैं शिक्षक बनना चाहती हूँ। हाईस्कूल में ही दूसरा स्थान लाने वाले अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि उसके पिता किसान हैं और वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहते हैं। इस पर डिप्टी सीएम ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह डॉक्टर बनकर गांव में ही रहकर गरीबों का इलाज करें, तो खुशी होगी। उन्होंने सभी से उनके कॅरियर और पढ़ाई के बारे में बातचीत की। इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वह भी लखनऊ विशवविद्यालय में कॉमर्स के टीचर हैं। वहीं, इसी तरह इंटर के टॉपर अनुराग मलिक आदि को भी उन्होंने बधाई दी। यह पहला अवसर है, जब विभागीय मंत्री ने टॉपरों से मुखातिब हुए है।

# नहीं मिल रहे सीमित ट्रेनों के लिए भी यात्री




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। ट्रेनों को यात्रियों के आने का इंतजार करना पड़ेगा शायद ही यह भारतीय रेलवे के इतिहास में पहला ऐसा मौका होगा। गरमी के सीजन में आमतौर पर यात्रियों की भीड़भाड़ से पूरा रेलवे प्रशासन बेहाल रहता था। लेकिन, अब कोरोना के भय से यात्रियों के थम जाने से रेलवे में सन्नाटा सा छाया हुआ है। इन हालात में रेलवे प्रशासन ट्रेन चलाए तो किसके लिए। दो सौ स्पेशल ट्रेनों में जून के दूसरे हफ्ते से ही ज्यादातर सीटें खाली हैं। कोरोना के संक्रमण के प्रकोप से भारतीय रेल के मुख्यालय रेल भवन से टिकट विंडो तक वायरस का डर फैला हुआ है।

# उत्तर मध्य रेलवे में भी बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट का गठन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) का गठन रेलवे में माल परिवहन को वर्ष २०२४ तक दोगुना करने के उद्देय से किया गया है। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर सभी जोनल रेलवे को माल परिवहन दोगुना करना है। जिसका कोआर्डिनेटर उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य माल यातायात प्रबंधक पीके ओझा को बनाया गया है। रेलवे बोर्ड इस संबंध में पहले ही एक बीडीयू का गठन कर चुका है। मुख्य वाणिज्य प्रबंधक माल विपणन अनुमणि त्रिपाठी, मुख्य चल स्टाक इंजीनियर फ्रेट पीके पांडेय, वित सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी डब्ल्यूएसटी हमीद अहमद, मुख्य इंजीनियर कार्य श्रीजन त्रिपाठी को बीडीयू का सदस्य बनाया गया है। एनसीआर के सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यालय स्तर पर गठित बीडीयू मौजूदा प्रस्तावों की प्रगति, वैगन, गुडस शेड, माल ग्राहक और अन्य मदों से संबधित आदि कार्य करेगा।



# पुराने हेरिटेज ट्री की शुरू हुई तलाश

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। प्रदेश में १०० वर्ष से अधिक उम्र के 'हेरिटेज ट्री' तलाशने का काम शुरू हो गया है। यह काम वन क्षेत्रों के बाहर स्थानीय निकाय व वन क्षेत्रों मेंऐसे वृक्षों की खोज कर रहा है। अब तक २६१ विरासत वृक्षों की खोज हो चुकी है। हेरिटेज ट्री का सरकार संरक्षण एवं संवर्धन करेगी। आमजनों को खासियत के बारे में भी बताया जाएगा। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, और विशिष्टजनों से जुड़े तथा धार्मिक परंपराओं व मान्यताओं से जुड़े विलुप्त हो रहे एवं १०० वर्ष से अधिक आयु के वृक्षों को चिह्नित कर योगी सरकार ने उन्हें हेरिटेज ट्री के रूप में संरक्षित करने की योजना बनाई है। अब तक वन प्रभागों में पारिजात, बहेड़ा, सहित अन्य वृक्षों का चयन हो चुका है।

# कोविड-१६ से लड़ने के लिए रेलवे ने विकसित किया 'पोस्ट कोविड कोच'

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने कोविड-१६ वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए कई कदम उठाने के साथ-साथ अनेक उल्लेखनीय उपाय किए हैं। कोविड-१६ के खिलाफ लड़ाई को बड़े जोर-जोर से निरंतर जारी रखते हुए भारतीय रेलवे की उत्पादन इकाई रेल कोच फैक्ट्री (कपूरथला) ने एक 'पोस्ट कोविड कोच' विकसित किया है। 'कोरोना काल के बाद के इस विशेष कोच' की डिजाइनिंग को बेहतरीन करते हुए कोविड मुक्त यात्री सफर के लिए कोच में हैंड्सफ्री सुविधाओं, कॉपर कोटिंग युक्ती रेलिंग व चिटकनी और प्लाज्मा एयर प्यूरीफायर के अलावा टाइटेनियम डाई-ऑक्साइड कोटिंग भी की गई है।

# स्कूलों का खुलना अक्टूबर से पहले मुश्किल

रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ने की आशंकाओं के बीच आने-वाले महीनों में भी स्कूलों का फिलहाल अक्टूबर से पहले खुलना मुश्किल है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ चर्चा के बाद मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इसके संकेत दिए है। ऐसे में मंत्रालय ने ऑनलान पढ़ाई की भी मुहिम को और तेज किया है। स्कूलों से ऑनलाइन क्लास लगाने और छात्रों को उससे जोड़ने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय ने इससे पहले स्कूलों के अगस्त तक खुलने की उम्मीद जताई थी। स्कूलों के लिए १२ नए टीवी चैनलों को लांच करने की योजना पर भी काम तेज किया गया है। लेकिन दिल्ली सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में हाल ही में कोरोना संक्रमण की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। मंत्रालय ने हाल ही में यूजीसी को भी परीक्षाओं और नए शैक्षणिक सत्र को लेकर जारी गाइड लाइन की नए सिरे से समीक्षा करने को कहा है। मंत्रालय के निर्देश पर केंद्रीय विद्यालयों में ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हो गई है।

# विषम परिस्थितियों में रखें धैर्य

आत्महत्या के केस दुनिया भर में बढ़ते जा रहे हैं। डिप्रेशन इसके पीछे मुख्य वजह है। डिप्रेशन कोई बीमारी नहीं बल्कि एक ऐसी मानसिक स्थिति हैं, जिसमें मनुष्य पूरी तरह नकारात्मक भाव से ग्रसित हो जाता है। असफलता को स्वीकार कर अपने जीवन की समस्याओं से लड़ने के बजाए व्यक्ति खुद को अयोग्य मानकर स्वयं से ही हार जाता है और समस्याओं को खत्म करने के बजाए खुद का जीवन ही नष्ट कर देता है। इस समस्या का केवल एक ही इलाज है कि सकारात्मकता के साथ जीवन में विषम परिस्थितियों में धैर्य रखना। एक सामाजिक प्राणी होने के कारण मनुष्य को सदैव सकारात्मक विचारों को ही बढ़ावा देना चाहिए।

# सीएम योगी ने की अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा बैठक



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। कोविड-१९ और संचारी रोगों को स्वच्छता एवं सेनिटाइजेशन के द्वारा काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है, यह बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिनांक १४.०७.२०२० का अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होने कहा कि साप्ताहिक बन्दी इसी कार्यवाही का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कोविड-१९ के प्रसार को नियंत्रित करने में सर्विलांस टीम की सक्रियता बहुत आवश्यक है इससे कोरोना के संक्रमण को रोका जा सकता है। उन्होने बाढ़ राहत शिविर को समय से तैयार कर लिए जाने के भी निर्देश के साथ गौ-आश्रय स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था और गौवंश के लिए चारे की सुचारु व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये।

# यातायात नियमों का उल्लघन करने वालों के अब घर पहुंचेगा ई-चालान



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। प्रयागराज मेला प्राधिकरण में स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार ने गुरुवार १६.०७.२०२० को आईसीसीसी(एकीकृत कंट्रोल एंड कमाण्ड सेंटर) में ई-चालान सिस्टम का शुभारम्भ किया। जिसमें कुल १६ चौराहों को चिन्हित किया गया है। सभी १६ चौराहों में होने वाली गतिविधियों की मानीटरिंग की जायेगी। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले व्यक्तियों का चालान किया जायेगा। मण्डलायुक्त ने ई-चालान प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेते हुए स्वयं चालान काटने की प्रक्रिया को देखा व चालान भी काटा। इस दौरान आईजी जोन के०पी० सिंह, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष टी० के० शिबू, नगर आयुक्त रवि रंजन, एस०पी० यातायात, एस०पी० सिटी- दिनेश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# ३१ जुलाई तक कर सकेंगे अब दाखिले के लिए आवेदन

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। शैक्षिक सत्र २०२०-२१ के तहत इलाहाबाद विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में स्नातक, परास्नातक समेत अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई। यह निर्णय प्रवेश प्रकोष्ठ की बैठक में लिया गया। छात्र-छात्राएं अब ३१ जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। सितंबर के अंतिम सप्ताह में उम्मीद है कि प्रवेश परीक्षा हो सकती हैं। निदेशक प्रवेश प्रकोष्ठ प्रो. प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि दाखिले के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर ३१ जुलाई कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा के लिए मंत्रालय के गाइडलाइन आने पर निर्णय लिया जाएगा।


Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध



5 श्रेष्ठ मैक्स साकेत

कैंसर को कड़ी टक्कर देने में सक्षम,

मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर, साकेत, दिल्ली।



मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर, साकेत में उपलब्ध है 80+ अनुभवी और जाने–माने कैंसर विशेषज्ञ, जो विश्वस्तरीय एवं उन्नत तकनीकों के इस्तेमाल से मरीज़ों को देते है सम्पूर्ण उपचार व देखभाल।

मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर, साकेत की विशेषताऐं:

80+ कैंसर सुपर स्पेशियलिस्ट–
- बेहतर और उन्नत उपचार के लिये
- गत् वर्ष 14000 कैंसर मरीज़ों का उपचार

डिज़ीज़ मैनेजमेंट ग्रुप–
- सिर और गर्दन, स्तन, गैस्ट्रोइंस्टेटाईनल, गानेकोलॉजिकल इत्यादि जैसे भिन्न प्रकार के कैंसर के उपचार के लिये डॉक्टरों की विभिन्न टीमें

उन्नत डायगनोस्टिक–
- तुरंत कैंसर स्टेज़िंग के लिये EUS
- सटीक जांच के लिये शान्त MRI
- सटीक डिज़ीज़ स्टेजिंग के लिये PET CT

ट्यूमर बोर्ड एवं मॉलीक्यूलर ऑन्कोलॉजी–
- बीमारी के सम्पूर्ण उपचार के लिये

सर्जिकल विशेषज्ञता–
- बेहतर सर्जरी के लिये Da Vinci Xi रोबोट
- उन्नत कैंसर उपचार के लिये HIPEC
- बोन मैरो ट्रांसप्लांट

सटीक रेडिएशन थेरेपी एवं कीमोथेरेपी–
- उन्नत रेडिएशन थेरेपी के लिये SBRT
- सुविधाजनक समर्पित डे–केयर कीमोथेरेपी सेंटर
- टार्गेटेड रेडिएशन के लिये ब्रेकीथेरेपी

अपाइंटमेंट बुक करने के लिए कॉल करें: +91 8860 444 888

MAX HEALTHCARE

EMERGENCY 011 4055 4055

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत
1–2, प्रेस एन्क्लेव रोड, साकेत, नई दिल्ली–110017, फोनः +91 11 6611 5050, +91 11 2651 5050
www.maxhealthcare.in
टॉप 5, टाइम्स हेल्थ सर्वे 2018 के अनुसार।


## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


# महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने की महत्वपूर्ण कार्यो की समीक्षा



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों और प्रयागराज, झांसी और आगरा मंडल के मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संरक्षा, आधारभूत संरचना के विकास, समयपालनता और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की स्थिति की महाप्रबंधक ने समीक्षा की। जिसमें ट्रेन परिचालन में संरक्षा पर चर्चा की गई। मानव संसाधन के मोर्चे पर, महाप्रबंधक ने अनुकंपा नियुक्ति के मामलों को समय पर निस्तारित करने के लिए कार्मिक शाखा को निर्देषित किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मृत रेलकर्मचारी के पात्र परिवारजनों के सभी लाभों को समय पर प्रदान किया जा सके।

# महाप्रबंधक ललितचंद्र त्रिवेदी ने किया मोबाईल एप ''समग्र'' का लोकार्पण



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललितचंद्र त्रिवेदी द्वारा दिनांक १४.०७.२०२० को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोबाईल एप ''समग्र'' का लोकार्पण किया गया। यात्रियों की सुविधा के लिए SAMAGRA एप समस्तीपुर मंडल द्वारा तैयार किया गया है।

आंतरिक श्रोतों से विकसित इस 'एप' से यात्री एकीकृत रूप से रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। यात्रियों के साथ-साथ समस्तीपुर मंडल के वाणिज्य विभाग के रेलकर्मियों के लिए भी यह मोबाईल'एप'मील का पत्थर साबित होगा।